बेदखली अभियान में तोड़े गये दुकानदारो के लिए बनेगा व्यवस्थित वेडिंग जोन

भिलाईनगर। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में नगर निगम भिलाई में एमआईसी की बैठक आहूत की गई। जिसमे जनता के हितार्थ विभिन्न बिन्दुओ पर विचार विमर्श करके निर्णय लिया गया। समिति के समक्ष प्रमुख रूप से जलकार्य विभाग द्वारा श्रम विभाग द्वारा निर्धारित श्रमिक दर के आधार पर कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्राकल्लन विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। जिसमें 15 कुशल, 28 अर्द्धकुशल एवं 39 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु 152.25 लाख का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत समिति ने प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति तथा बजट आबंटन करते हुए सर्व सम्मति से अनुशंसा प्रदान की। जिससे नगर को पेयजल की पूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो सके। जोन क्रं. 01 नेहरू नगर अंतर्गत शंकरा कालेज के समीप एवं वार्ड क्रं. 01 जुनवानी चौंक के पास वेडिंग जोन निर्माण करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसकी समिति ने प्रशंसा की समिति के सदस्यों ने स्थल पर वेडिंग जोन बनाने से पहले यह चिन्हित करने के लिए कहा कि वहां स्थानीय रूप से जिन विक्रेताओ द्वारा व्यापार किया जा रहा था, उन्हे ही व्यवस्थापित किया जावे। गौरतलब है, कि उपरोक्त स्थानो पर बेदखली की कार्यवाही की गई थी। उन्ही दुकान संचालको को वेडिंग जोन बनाकर व्यवस्थापित करने के लिए प्रस्ताव रखा गया था। समिति का सुझाव था कि जिन व्यापारियो को वहां से बेदखल किया गया है, उन्ही को ही दुकाने प्रदान किया जाये। नगर निगम भिलाई के जोन 01 द्वारा बेदखली के पूर्व सभी की सूची बना ली गई थी। सभी के फोटोग्राफ एवं वीडियो शुटिंग भी कराया गया है। सभी सदस्यो का मत था कि वेडिंग जोन व्यवस्थित होना चाहिए, सभी सुविधा युक्त होना चाहिए। स्थानीय व्यापार करने वालो के अतिरिक्त जगह बचती हो तो शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो का पालन करते हुए अन्य लोगो को आबंटन किया जावे। सभी सुविधा युक्त मानचित्र बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा सहित आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।